सम्पादक की ओर से

प्रिय पाठकों,
हमारी मासिक पत्रिका 'कॉम्पटीशन पॉवर' की बढ़ती लोकप्रियता और इसके प्रति आप सभी के उत्साह को देखते हुए करियर पावर के सहयोग से बैंकर्स अड्डा आपके लिए लाया है 'कॉम्पटीशन पॉवर' का **फरवरी अंक**। अंग्रेजी की ही तरह यह पत्रिका हिंदी भाषा का अंक है। बैंकर्स अड्डा और करियर पावर का यह सहयोग इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि दोनों ही लंबे समय से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण रूप से अत्यधिक सफल साबित हुए हैं। अब से यह दोनों भाषाओं के छात्रों के बीच समान रूप से उपलब्ध होगी।

इस पत्रिका में हमने नई पहल करते हुए बैंकिंग और एसएससी परीक्षाओं के अलग-अलग पहलुओं को संपूर्णता के साथ आपके समक्ष पेश किया है।
आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए हमने न केवल **दिसम्बर** महीने के करंट अफेयर्स बल्कि **"करंट अफेयर्स ज़िंगर"** के अंतर्गत **नवम्बर** माह के घटनाक्रम को भी शामिल किया है। परीक्षार्थियों के लिए हजारों घटनाओं में से मुख्य और परिक्षापयोगी घटनाक्रम को याद रखने को आसान बनाने के लिए हमने एक और नई शुरुआत- **"न्यूज मेकर ऑफ़ द मंथ"** की है जिसमें खबरों में रहे सभी महत्वपूर्ण व्यक्तियों, नियुक्तियों, पुरस्कारों आदि को एक साथ शामिल किया है।

सामान्य ज्ञान और करंट अफेयर्स को सम्पूर्ण रूप से कवर करने के साथ-साथ हमने परीक्षा के अन्य पहलुओं को भी समान रूप से महत्वपूर्ण समझते हुए, परीक्षा के भिन्न विषयों (तर्कशक्ति, अंग्रेजी, गणित और कम्प्यूटर्स) में से प्रत्येक से सम्बंधित भिन्न टॉपिक कवर किये हैं, जिस पर छात्र अभ्यास कर सकते हैं; या छात्र अपने साक्षात्कार की तैयारी के लिए मार्गदर्शन पाकर अपने आत्मविश्वास को और बढ़ा सकते हैं। हमने इन सभी को 'कॉम्पटीशन पॉवर' में शामिल किया है!!!

इसके साथ ही हमने अपने पाठकों के अभ्यास के लिए **आईबीपीएस क्लर्क मैन्स के लिए अभ्यास प्रश्न एवं मॉक पेपर, एसएससी सीजीएल (क्वांट) टियर प्रैक्टिस सेट, एसएससी सीएचसीएल 2018, के लिए प्रैक्टिस सेट** के सम्बंधित परीक्षा पैटर्न पर आधारित प्रेक्टिस सेट भी रखे गए हैं जिनसे वे अपनी गति के साथ-साथ सटीकता (एक्यूरेसी) को भी बढ़ा सकते हैं। पत्रिका के इस अंक में एक नई श्रृंखला **"ट्विस्टेड वंस"** को भी जोड़ा गया है जिसमें प्रश्न उच्च कठिनाई स्तर के साथ होंगे।

मुख्यतया, यह पत्रिका उन सभी छात्रों के लिए एक ही स्थान पर उपलब्ध सम्पूर्ण सामग्री है जो सरकारी क्षेत्र की प्रतिष्ठित नौकरी पाने की तैयारी कर रहे हैं। आरम्भ होने के कुछ ही महीनों में यह पत्रिका छात्रों के बीच इतनी लोकप्रिय हो चुकी है कि छात्र इसे अब अपनी परीक्षा के लिए उपयोगी समझते हैं। हमें विशवास है कि प्रत्येक छात्र में एक छिपी हुई क्षमता होती है जिसके साथ वह ऊंचाइयों तक पहुँच सकता है, और यह जिम्मेदारी हमारी है कि हम उन्हें, उनकी क्षमता को एक मंच प्रदान करें जो परीक्षा में शामिल होने के लिए उन्हें प्रत्येक चुनौती का सामना करने में सक्षम बनाएं।

यह कहते हुए मैं बैंकर्स अड्डा के मेंटर्स और करियर पावर टीम को विशेष धन्यवाद देना चाहूँगा जिन्होंने इस पत्रिका को सफल बनाने में आवश्यक सहयोग दिया।

शुभकामनाएं!
कॉम्पटीशन पॉवर टीम !!

WHAT'S THERE?

- **मोटिवेशनल आलेख | 4**
- **सक्सेस स्टोरी | 7**
- **हैंडी नोट और क्विज:**
  - साधारण ब्याज एवं चक्रवृद्धि ब्याज | 29
  - अधिकतम एवं न्यूनतम मान | 31
  - रैंकिंग एवं दिशा ज्ञान | 32
  - 5 Tips and Tricks to Solve Paragraph Completion Questions | 34
  - कैग के बारें में सब कुछ | 36
- **जीके हिन्दू रिव्यु : दिसम्बर 2017 | 37**
- **करेंट अफेयर्स जिंगर : नवम्बर 2017| 47**
- **ट्विस्टेड वन | 61-64**
- अड्डा**247** पार्टनर प्रोग्राम **|65**

न्यूज़ मेकर ऑफ द मंथ | **5-6**
करेंट अफेयर्स | **8-28**
राष्ट्रीय समाचार | राज्य समाचार | बैंकिंग क्षेत्र से सम्बंधित समाचार एवं भारतीय अर्थव्यवस्था से सम्बंधित समाचार | व्यवसायिक समाचार समझौते | एमओयू हस्ताक्षर | कमिटी समाचारों में | नई नियुक्तियां | निधन | पुरस्कार | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी । प्रतिरक्षा । खेल संसार

मॉक पेपर एवं अभ्यास प्रश्नपत्र | **70-135**
एसएससी सीएचएसएल 2018 : प्रैक्टिस सेट - 70
एसएससी टियर -I : विगत वर्ष का प्रश्न पत्र - 79
एसएससी सीजीएल टियर -I : विगत वर्ष का प्रश्न पत्र – 88
एसएससी सीजीएल टियर -II संख्यात्मक अभियोग्यता : प्रैक्टिस सेट - 97
आईबीपीएस क्लर्क मैन्स 2018: प्रैक्टिस सेट - 111

Volume No. -3 January 2017, Issue - 15
Chief Editor: Gopal Anand
Team: Mansoor, Vandana, Veer, Ambika, Anu, Neha, Narayan, Renu & Nitin
Circulation & Sales Manager: Rajat Mehra
Contact No: 8750044896

Published and Printed by Anil Nagar
On behalf of Metis Eduventures s Pvt. Ltd.
Printed at All Time Offset Printer,
F-406, Sector-63, NOIDA (U.P.)

Published at A-2, 201-208, 2nd Floor, Pragati Deep Building, Plot No. 8, District Centre, Laxmi Nagar, Delhi-110092
Email: info@adda247.com
Website: www.bankersadda.com & www.careerpower.in

Motivational : सफल होने के लिए विचारों में लायें सकारात्मकता

जीवन में सफल होने के लिए हम सभी कड़ी मेहनत करते हैं। लक्ष्य निर्धारित करते हैं, और निर्धारित किए हुए लक्ष्य के लिए सही दिखने वाले मार्ग पर ही चलते हैं। ऐसे में हम कई बार सफल होते हैं तो कई बार असफल हो जाते हैं। लोग जब भी कोई काम करने जाते हैं तो वह सफल होने के लिए ही करते हैं। लेकिन हर बार व्यक्ति को सफलता नहीं मिलती है। असफल होने पर व्यक्ति को अपनी असफलता से सीखना चाहिए। वहीं, दूसरों के असफल प्रयासों से भी सीखना चाहिए। जीवन में आगे बढ़ने के लिए लोग कई तरह के कदम उठाते हैं। हम नौकरी से लेकर बिजनेस तक, पूरी मेहनत करते हैं। कई बार इससे सफलता मिलती है तो कई बार निराशा हाथ लगती है।

हम आगे बढ़ने के बारे में सोचते हैं, परंतु कई बार असफलता हाथ लगने के बाद सफलता का स्वाद चखने की इच्छा में कमी दिखने लगती है। यह सच्चाई है कि असफलता पाने के बाद ही सफल होने की संभावनाएं बढ़ती हैं, क्योंकि हमें जीवन में हर तरह की परिस्थितियों से सामना करना होता है। हमेशा सीखने की कोशिश करती रहनी होगी, अन्यथा सफलता पाना कठिन है। अपने जीवन को सफलता के मार्ग पर चलने के लिए हमें अपने व्यक्तित्व में भी कुछ सुधार की आवश्यकता होती है। अपने विचारों में सकारात्मकता लानी होती है, प्रतियोगिता को हमेशा सकारात्मक होकर देखना चाहिए और ऐसे ही कई विचारों को प्रत्येक परिस्थिति में साथ लेकर चलने की जरुरत होती है । इनमें से कुछ इस प्रकार हैं, जो आपको सफलता की सीढ़ियों तक ले जाने में सहायक होंगे-

भविष्य से ज्यादा वर्तमान के बारे में सोचें

लोग अपने भविष्य के बारे में सोच-सोचकर परेशान होते रहते हैं। उन्हें अपने वर्तमान से ज्यादा भविष्य के बारे में चिंता लगी रहती है। अक्सर लोग मानते हैं कि भले वर्तमान चाहे जैसा भी हो लेकिन भविष्य जरूर अच्छा होना चाहिए लेकिन भविष्य से ज्यादा वर्तमान के बारे में सोचना चाहिए। भविष्य के बारे में सोचें लेकिन पहले वर्तमान को बेहतर करें और उसे अच्छे से जिएं। इससे आपकी जिंदगी और सफल होगी।

नकारात्मक वातावरण से रहें दूर

कई लोग ऐसे होते हैं जो चाहे जिस तरह का समय हो, हमेशा नेगेटिव ही सोचते और बोलते हैं। ऐसे लोगों से दूर रहना चाहिए। नकारात्मक वातावरण से दूर रहने से दिमाग बेहतर बनता है जिससे आपको सफलता मिलने में आसानी होती है।

सकारात्मक बातें ज्यादा करें

किसकी जिंदगी में निराशा नहीं होती है। लेकिन निराश मन से जिंदगी जीने के बजाए सकारात्मक तरीके से जिंदगी जीनी चाहिए। यदि आप पॉजिटिव रहेंगे तो आपके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा और सफल होने के चांसेस ज्यादा रहेंगे।

खुद के लिए निकालें समय

इस भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने कार्यों, पढ़ाई और नौकरियों में व्यस्त रहते हैं। वे अपने लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। लेकिन यदि जीवन में सफलता का स्वाद चखना है तो खुद के लिए समय निकालना सीखना पड़ेगा। अपनी जरूरतों को हर हाल में प्राथमिकता दें।

कभी न करें असफलता पर अफसोस

बीते समां में मिली असफलताओं पर कभी भी अफसोस नहीं करना चाहिए। ये सभी बातें आपको और पीछे ले जाती हैं। यदि आप पुरानी बातों पर अफसोस करते रहेंगे तो आगे नहीं बढ़ पाएंगे।

बदलाव का एक नियम है

व्यक्ति को यह समझना होगा कि जिंदगी में बदलाव एक नियम है। जीवन में कभी अप्रिय घटनाएँ होती हैं , और अनचाहे बदलाव आ जाते हैं। चाहे हम उन बदलावों को अपनाएं या नहीं, बदलाव तो जीवन में आएगा ही। बेहतर रहता है कि लोग खुद आगे बढ़कर इन बदलावों को अपनाएं।

जीवन में आते हैं नए-नए अनुभव

जीवन काफी लंबा है। यदि समय से बदलावों को अपना लिया तो जीवन में नए-नए अनुभव मिलेंगे। इसके अलावा काफी कुछ नया सीखने को भी मिलेगा। इसलिए लोगों को आगे बढ़कर बदलावों को अपनाना होगा।

हमेशा सीखते रहें कुछ नया

जीवन में हमेशा नई-नई चीजों को सीखने से पीछे नहीं हटना चाहिए। हो सकता है कि इसमें थोड़ा बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़े लेकिन इससे

भविष्य में सफलता मिलने की संभावनाए अधिक हो जाती हैं।

हमें सफलता के लिए औरों से नहीं बल्कि खुद से आगे निकलने की इच्छा रखनी चाहिए। स्वयं प्रेरित होकर आगे निकलना हमें और भी योग्य बनाता है। यह मानना होगा कि अपने सबसे बेहतर स्तर को प्राप्त करना आसान नहीं होता है। यहां बहुत सी रूकावटें भी हमारे सामने खड़ी होती हैं लेकिन जीतने वालों में इन बाधाओं को जीतने और पहले से भी ज्यादा मजबूत होकर आगे निकलने की क्षमता होती है।

कभी-कभी सफलता का मार्ग लम्बा होता है ऐसे में कई बार हमारे मार्ग में बाधाएं भी सामने आती हैं। हमें हमेशा यह भी विचार साथ लेकर चलना चाहिए कि हर बार सफलता ही मिले आवश्यक नहीं यह कोई नियम नहीं है। यह सत्य है कि काम करने वालों को दो ही चीजें हासिल हो सकती हैं- सफलता या असफलता। यह मानना चाहिए कि सफलता तो अच्छी है लेकिन असफलता भी एक प्रकार की उपलब्धि होती है। असफलता के बाद हम और मजबूती से बाधाओं का सामना करने में सक्षम हो जाते हैं। हमें केवल धैर्य बनाए रखने की जरूरत होती है। हमें खुद पर विश्वास बनाए रखना चाहिए। आत्मविश्वास तथा धैर्य के बिना सफलता की सीढ़ी चढ़ना मुमकिन नहीं है।

वन्दना शर्मा

News Makers of the Month: November – December 2017

गुजरात के सीएम होंगे विजय रूपानी, जयराम ठाकुर होंगे हिमाचल प्रदेश के सीएम

भाजपा ने गुजरात में छठी बार सत्ता बनाए रखी और हिमाचल प्रदेश के चुनावों दो-तिहाई बहुमत से जीत हासिल की है। पार्टी ने 99 सीटें जीतकर गुजरात में फिर से सत्ता हासिल की, जो 182 सदस्यीय सदन में पूर्ण बहुमत से सात सीटें ज्यादा थी। कांग्रेस ने 77 सीटों पर कब्जा किया और अन्य ने 6 सीटें हासिल की। हिमाचल प्रदेश में, 68 सदस्यीय सदन में भाजपा ने 44 सीटें जीतकर विजय हासिल की। हिमाचल प्रदेश में, कांग्रेस के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह जीते हैं, जबकि भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री प्रेमकुमार धुमल को हार मिली है।

जयराम ठाकुर हिमाचल प्रदेश के नए मुख्यमंत्री होंगे जबकि विजय रुपानी गुजरात के मुख्यमंत्री बने रहेंगे।
भारतीय जनता पार्टी ने जयराम ठाकुर को हिमाचल प्रदेश में विधानसभा दल के नेता के रूप में नामित किया है, उन्हें प्रभावशाली ढंग से राज्य के अगले मुख्यमंत्री बनाया गया। वहीं, विजय रुपानी गुजरात के मुख्यमंत्री बने रहेंगे और नितिन पटेल को उनके उपमुख्य मंत्री के रूप में चुना जाएगा।

मुंबई में आयोजित स्टार स्क्रीन अवार्ड 2017

स्टार स्क्रीन अवाड्र्स, वार्षिक फिल्म पुरस्कारों को हिंदी फिल्मों में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा के रूप में पहचाना जाता है. विद्या बालन को तुम्हारी सुलू के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (क्रिटिक्स) का पुरस्कार दिया गया, इरफान ने हिंदी मीडियम में अपने प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार जीता. राजकुमार राव ने न्यूटन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक्स) पुरस्कार और बरेली की बर्फी के लिए सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी प्राप्त किया.

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म (क्रिटिक्स): न्यूटन
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक: नितेश तिवारी (दंगल)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (क्रिटिक्स): विद्या बालन (तुम्हारी सुलू)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री: कोंकणा सेन शर्मा (लिपस्टिक अंडर माई बुरखा)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक्स): राजकुमार राव (न्यूटन)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता: इरफान खान (हिंदी मीडियम)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता: राजकुमार राव (बरेली की बरफी)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता (महिला): नेहा धुपिया (तुम्हारी सुलू)
- सर्वश्रेष्ठ संवाद: नितेश तिवारी और श्रेयस जैन (बरेली की बर्फी)
- सर्वश्रेष्ठ गीत: अमिताभ भट्टाचार्य (दंगल)
- सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक: प्रीतम (दंगल)
- सर्वश्रेष्ठ डेब्यू निर्देशक: सुरेश त्रिवेणी (तुम्हारी सुलू)
- सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक गायक: अरिजीत सिंह (रईस - ज़लाइमा और जग्गा जासूस)
- सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक गायक: शाषा तिरुपति (कान्हा - शुभ मंगल सावधान)

केंद्र ने शौर्य पुरस्कार विजेताओं के लिए मौद्रिक भत्ता बढ़ाया

सरकार ने शौर्य पुरस्कार विजेताओं के लिए मौद्रिक भत्ते को बढ़ाया. यह 01 अगस्त 2017 से लागू किया जाएगा.

यह वृद्धि स्वतंत्रता के बाद वाले शौर्य पुरस्कार, आजादी-पूर्व के शौर्य पुरस्कार और 'जंगी इनाम', एक स्वतंत्रता-पूर्व शौर्य पुरस्कार से जुड़े मौद्रिक भत्ते के प्राप्तकर्ताओं के लिए है .ज्यादातर मामलों में भत्तों को दोगुना किया गया है और कुछ मामलों में 100% से अधिक की वृद्धि हुई है.

जंगी इनाम (स्वतंत्रता-पूर्व शौर्य पुरस्कार) –

शौर्य पुरस्कार	मौद्रिक भत्ते की मौजूदा दर (प्रति माह रुपए)	मौद्रिक भत्ते की संशोधित दर (प्रति माह रुपए)
जंगी इनाम	500	1000

स्वतंत्रता के बाद शौर्य पुरस्कार –

शौर्य पुरस्कार	मौद्रिक भत्ते की मौजूदा दर (प्रति माह रुपए)	मौद्रिक भत्ते की संशोधित दर (प्रति माह रुपए)
परम वीर चक्र (पीवीसी)	10,000	20,000
अशोक चक्र	6,000	12,000
महा वीर चक्र (एमवीसी)	5,000	10,000

कीर्ति चक्र (केसी), 000	4,500	9,000
वीर चक्र (वीआरसी)	3,500	7,000
शौर्य चक्र (एससी)	3,000	6,000
सेना / नौसेना / वायु सेना पदक	1,000	2,000

स्वतंत्रता-पूर्व शौर्य पुरस्कार

शौर्य पुरस्कार	मौद्रिक भत्ते की मौजूदा दर (प्रति माह रुपए)	मौद्रिक भत्ते की संशोधित दर (प्रति माह रुपए)
आदेश विशिष्ट सेवा (डीएसओ)	4,000	8,000
इंडियन ऑर्डर ऑफ मेरिट (10 एम)	4,000	8,000
भारतीय विशिष्ट सेवा पदक (आईओएसएम)	4,000	8,000
विशिष्ट सेवा क्रॉस (डीएससी)	2,800	6,000
सैन्य क्रॉस (एमसी)	2,800	6,000
अधिकारियों के लिए प्रतिष्ठित फ्लाइंग क्रॉस (डीएफसी)	2,800	6,000
विशिष्ट सेवा पदक (डीएसएम)	2,800	6,000
सैन्य पदक (एमएम)	2,800	6,000
अन्य रैंकों के लिए प्रतिष्ठित फ्लाइंग मेडल (डीएफएम)	2,800	6,000

नोट : सेना प्रमुख- बिपिन रावत | नौसेना प्रमुख- सुनील लाम्बा | वायुसेना प्रमुख- बिरेंद्र सिंह धनोआ.

अर्जेंटीना में आयोजित 11वां डब्ल्यूटीओ मंत्रिस्तरीय सम्मेलन

i. ग्यारहवां विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी 11) अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में हुआ था. सम्मेलन की अध्यक्षता अर्जेंटीना के मंत्री सुसाना माल्कोरा ने की थी. भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य और उद्योग मंत्री सुरेश प्रभु ने किया था.

ii. सम्मेलन की मुख्य विशेषताएं -

1. तीन प्रस्तावक समूहों ने इलेक्ट्रॉनिक वाणिज्य, निवेश सुविधा और सूक्ष्म, लघु और मध्यम-आकार के उद्यमों (एमएसएमई) के मुद्दों पर विश्व व्यापार संगठन में वार्ता के लिए बातचीत शुरू करने की नई पहल की.

2. यूरोपीय संघ ने विकासशील देशों की व्यापारिक क्षमता में सुधार करने और व्यापार वार्ता में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने में मदद करने के लिए 1 मिलियन यूरो (CHF 1.2 मिलियन से अधिक) का योगदान दिया.

3. यूनाइटेड किंगडम सरकार ने दुनिया के सबसे गरीब देशों में से 51 को करीब £ 16 मिलियन (करीब यूएस $ 21.3 मिलियन) की प्रतिबद्धता के साथ विश्व व्यापार संगठन के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में घोषणा की.

4. विश्व व्यापार संगठन के सदस्यों और पर्यवेक्षकों के इतिहास में पहली बार व्यापार में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि के लिए एक सामूहिक पहल का समर्थन किया है.

नरेंद्र मोदी ने भारतीय नौसेना में स्कॉर्पिन-श्रेणी की पनडुब्बी कलवारी को प्रतिष्ठापित किया

i. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की पहली आधुनिक पारंपरिक पनडुब्बी, आईएनएस कलवारी को मुंबई में नौसेना के बेड़े में शामिल किया,लगभग दो दशकों में पहली बार ऐसा हुआ है. कलवारी छह स्कॉर्पिन श्रेणी की पनडुब्बियों में से पहली है, जो जहाज़ बनाने वाले माज़गॉन डॉक लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा सौंपा गया.

ii. नौसेना ने पिछली बार एक पारंपरिक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी, आईएनएस सिंधुशास्त्र, को शामिल किया था, जिसे जुलाई 2000 में रूस से खरीदा गया था.

कलवरी पनडुब्बी के बारे में प्रमुख तथ्य-

1. खूंखार टाइगर शार्क-
   कलवारी का नाम खूंखार टाइगर शार्क के नाम पर रखा गया है, जो हिंद महासागर के गहरे समुद्र की एक घातक शिकारी हैं.
2. फ्रांसीसी नौसैनिक डिफेन्स द्वारा डिजाइन-

फ्रैंच नौसैनिक डिफेन्स और ऊर्जा कंपनी डीसीएनएस द्वारा तैयार की गई पनडुब्बियों का भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट-75 के तहत मुंबई में माजगॉन डॉक लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा निर्माण किया जा रहा है..

3. स्कॉर्पीन श्रेणी पनडुब्बी-
   नौसेना 3 बिलियन डॉलर के अनुबंध में छः स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों को शामिल कर रही है. पहली पनडुब्बी का निर्माण, जिसे एमडीएल यार्ड 11875 के रूप में नामित किया गया, दिसंबर 2006 में शुरू हुई.
4. प्रबल मैन ओ 'वॉर -
   कलवारी एक शक्तिशाली मैन ओ 'वॉर है जो समुद्री युद्ध के पूरे स्पेक्ट्रम में फैले आक्रामक जंगी काररवाई को चला रहा है. कलवारी मॉड्यूलर दृष्टिकोण का उपयोग करके बनाया जाने वाला पहला भारतीय नौसैनिक पोत है.
5. पहली कलवारी, 8 दिसंबर 1967 को शामिल की गई थी, जो भारतीय नौसेना की पहली पनडुब्बी थी.

Success Story: अपनी गलतियों को सफलता का रूप दें : नितिन हंसदा (SBI PO)

SBI PO को पास करने की मेरी यात्रा पिछले वर्ष शुरू हुई. लेकिन उस समय मैं अपनी पढ़ाई के लिए गंभीर नहीं था मुझे लगता था कि SBI PO की परीक्षा दो अलग-अलग युगों में विभाजित किया जा सकता है यानी एक 2016 से पहले और एक 2016 से अब तक. शुरूआत में, मैंने पाठ्यक्रम को देखना शुरू किया और इसके बाद पिछले वर्ष पेपर को देखा और मैंने सोचा कि यह मुश्किल नहीं है और मैंने किसी तरह से कम तैयारी के साथ 2016 में प्रीलिम्स परीक्षा पास कर ली. लेकिन असली लड़ाई अब शुरू होने वाली थी, हाँ MAINS की लड़ाई.

तो मैंने अपनी तैयारी को बिना किसी प्रकार की योजना के जारी रखा और मैं अपने अध्ययन के समय के साथ वास्तव में आकस्मिक और लापरवाह था और मैंने भी एक मोक नहीं दिया था. मेरी एक धारणा थी कि मैन्स मुश्किल नहीं होगा तो इस तरह के रवैये के साथ, मैं मैन्स परीक्षा देने के लिए गया. लेकिन परीक्षा में पेपर को देखकर, मैं वास्तव में कठिनाई के स्तर और बदले हुए पैटर्न से चौंक गया था. इसलिए, जैसे ही मैं परीक्षा कक्ष से बाहर आया, मुझे पता था कि मैं परीक्षा पास नहीं करूँगा. कुछ दिन बाद ही परिणाम जारी कर दिए गये. और मैं बुरी तरह से विफल हो गया.

मैंने **GA** अनुभाग में 0.25 अंक अर्जित किए थे, ये मेरी तैयारी के प्रति मेरा अति आत्मविश्वास और लापरवाही और लापरवाह रवैया को तोड़ने के लिए पर्याप्त से अधिक था और मैंने अपनी धारणा बदल दी और SBI Po परीक्षा की ओर ध्यान दिया. अब परिणाम के बाद, मैंने अपने आप से वादा किया कि पेपर कितना भी कठिन हो, मैं इस परीक्षा को पास करूँगा. तो मैंने सब कुछ बदल दिया. मैंने अपनी रणनीति बनाई और मैंने अपनी कमजोरियों का पता लगाया और तदनुसार योजना बनाई और मैंने प्रत्येक अनुभाग के लिए अपना समय विभाजित किया चूंकि मेरा GA अनुभाग सबसे कमजोर था इसलिए मैंने इसे उपश्रेणियों में विभाजित किया और इसके लिए दैनिक आधार पर तैयारी करना शुरू कर दिया.और **banker's adda** इसमें मेरी बहुत मदद की. मैं नियमित आधार पर **BBM** शो देखता था और मैंने अपने साक्षात्कार तक एक भी शो को नहीं छोड़ा, मैंने सभी बैंकिंग विषयों और बजट, आर्थिक सर्वेक्षण के स्पष्ट नोट तैयार किए और इसने मेरे संशोधन में मेरी मदद की थी. तो मैं आज की तारीख तक जो बैंकिंग ज्ञान प्राप्त कर चूका हूं वह **BBM** शो की वजह से है और करेंट अफेयर्स के अनुभाग के लिए, मैं **app** से दैनिक करेंट अफेयर्स को पढ़ता था और महत्वपूर्ण बिंदुओं को उल्लेखित करता था. और स्थैतिक जागरूकता के लिए, मैं कैप्सूल से अभ्यास करता था. मेरा दूसरा सबसे कमजोर हिस्सा अंग्रेजी था, खासकर व्याकरण, इसके लिए मैंने सभी **bankers adda** शो को देखा, और महत्वपूर्ण व्याकरण के नियम और शब्दावली के बारे समझा.मेरा तार्किक क्षमता का अनुभाग काफी अच्छा था, इसलिए मैंने विभिन्न कठिनाई स्तरों के साथ कई पजलप का अभ्यास किया.और इस बार मैंने बहुत से मोक पेपर के साथ अभ्यास किया. इस पूरे समय के दौरान, मैंने अन्य परीक्षाएं भी दीं जैसे *ibps po, niacl ao, rbi assistant*. मैं लगभग प्रत्येक प्रीलिम्स को पास कर लेता था, लेकिन हर मैन्स में विफल रहता था. कभी-कभी समग्र कटऑफ की वजह से मैं विफल हो गया और कभी-कभी यह अनुभागीय कट-ऑफ के कारण हुआ. लेकिन हर विफलता के साथ, मेरे स्कोर बढ़ रहे थे. Prelims के साथ, मेरा आत्मविश्वास और अधिक बढ़ रहा था और जल्द ही SBI PO 2017 का प्रीलिम्स भी आ गया था. मेरे पिछले प्रारम्भिक रिकॉर्ड को देखकर मैंने इस बार भी पास कर लिया . लेकिन मुख्य खतरा प्रीलिम्स नहीं था बल्कि मैन्स था. लेकिन इस बार मैं अच्छी तरह से तैयार था. और अंत में, पहली बार, मैंने एक परीक्षा के लिए मैन्स को पास किया. यह मेरे लिए सबसे बढ़ा विश्वास बूस्टर था. लेकिन कार्य अभी तक समाप्त नहीं हुआ था.

अंतिम चरण GE और साक्षात्कार था. और इस वर्ष के साक्षात्कार ने अंतिम चयन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. <u>क्योंकि विषयनिष्ठ परीक्षा में हर 3.33 अंकों के साथ यह 75 में से 1 अंक था, लेकिन साक्षात्कार में हर 2 अंकों के साथ, यह 25 में से 1 अंक था.</u> इसलिए यह स्पष्ट था कि साक्षात्कार का अंतिम सामान्यीकृत अंकों में बहुत अधिक महत्व है.

GD और PI में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए अच्छी बोलने की योग्यता की आवश्यकता है, इसलिए मैंने दर्पण के आगे बोलने का बहुत अभ्यास किया जिससे मुझे बोलने के प्रवाह में बहुत मदद प्राप्त हुई. SBI PO के साक्षात्कार के लिए तैयारी करने के लिए मैंने यूट्यूब पर विभिन्न वीडियो भी देखी और मैंने संभावित प्रश्नों की एक सूची बनाई और उनके उत्तर तैयार किए. तो सभी चीजों को ध्यान में रखने और इन सभी चीजों की तैयारी करने के बाद अंत में साक्षात्कार की तिथि आ गई. मेरा GE काफी ठीक था लेकिन मेरा PI वास्तव में अच्छा था. इसलिए मेरे GE और PI के निष्कर्षों के साथ मैं बहुत खुश था. और अब केवल एक चीज का इंतज़ार करना बाकी था और करीब 2 महीने तक इंतजार करने के बाद, अंतिम परिणाम सामने आए. और अंतिम सूची में अपना रोल नंबर देखने का वह क्षण मेरे लिए सबसे अच्छा था. मेरा सब्र मेरा परिश्रम सब मेरे बहुत काम आया .

टिप-मैन्स के बाद अपनी तैयारी को धीमा मत करो क्योंकि साक्षात्कार वास्तव में महत्वपूर्ण हैं जो इस समय मुझे लगा. आपसे जितने संभव है आप उतने मोक दें. और साक्षात्कार के लिए आपके शौक और आपकी जगह से संबंधित प्रश्नों के लिए अच्छी तरह से तैयार रहें.

<u>आखिर में मैं उन सभी उम्मीदवारों को बधाई देना चाहूंगा जिन्होंने *SBI PO* परीक्षा पास कर ली है और जो लोग इस बार इसे पास नहीं कर सके, कृपया हार ना माने, यह केवल समय की बात है, और एक दिन आपका रोल नंबर भी अंतिम सूची में होगा. आप सभी को शुभकामनाएं!!!!</u>

CURRENT AFFAIRS : 17th November to 18th December 2017

राष्ट्रीय समाचार

भाजपा ने गुजरात और हिमाचल प्रदेश में दर्ज की पूर्ण बहुमत से जीत

भाजपा ने गुजरात में छठी बार अपनी सत्ता कायम रखी और हिमाचल प्रदेश के चुनाव में लगभग दो-तिहाई बहुमत से जीत प्राप्त की है. पार्टी ने 99 सीटें जीतकर गुजरात में फिर से अपनी वापसी की, भाजपा ने 182 सदस्यीय सदन में पूर्ण बहुमत से सात सीटें ज्यादा प्राप्त की है. कांग्रेस ने 77 सीटें और अन्य ने 6 सीटें जीती है.

प्रधान मंत्री ने राष्ट्र को समर्पित की ट्युरिअल जलविद्युत परियोजना

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मिजोरम के आईजोल में 60 मेगावॉट की ट्युरिअल जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन किया. मिजोरम सिक्किम और त्रिपुरा के बाद उत्तर-पूर्व में तीसरा बिजली-अधिशेष राज्य बन गया है.

संसद का शीतकालीन सत्र शुरू

संसद का शीतकालीन सत्र प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक आग्रह के साथ शुरू किया गया जिसमें सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया गया है कि वे देश में एक साथ चुनाव के मुद्दे पर निर्विघ्न चुनावों हेतु सहयोग बढ़ाएं तथा "राष्ट्रीय सहमति" के लिए दबाव डाले.

सरकार ने विदेश व्यापार नीति 2015-2020 की मध्यावधि समीक्षा पेश की

वाणिज्य और उद्योग मंत्री सुरेश प्रभु ने निर्यात बढ़ाने हेतु विदेश व्यापार नीति 2015-20 की मध्यावधि समीक्षा का अनावरण करते हुए अधिक प्रोत्साहन दिया.

राष्ट्र ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति के जन्मदिवस पर उन्हें स्मरण किया

03 दिसंबर 2017 को राष्ट्र ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को अपने 133 वें जन्मदिन पर स्मरण किया. बिहार के सिवान में 3 दिसंबर, 1884 को जन्मे प्रसाद एक गांधीवादी विचारधारा के व्यक्ति थे और उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में भी भाग लिया.

चिल्का झील पहुंचने लगे प्रवासी पक्षी

हजारों मील की लंबी उड़ान के बाद लाखों प्रवासी पक्षियों ने एशिया की सबसे बड़ी खारे पानी की लैगून चिल्का झील को अपना रास्ता बना लिया है.

कैबिनेट ने 15 वें वित्त आयोग की स्थापना को मंजूरी दी

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 15 वें वित्त आयोग की स्थापना को मंजूरी दे दी है जो देश के कर संसाधनों का मूल्यांकन करेगा और राज्यों के बीच उनके हस्तांतरण के लिए एक फार्मूले का सुझाव देगा. इसकी सिफारिशों को 1 अप्रैल, 2020 से पहले लागू किया जायेगा, इसकी सिफारिशों को देने के लिए वित्त आयोग के पास 2 वर्ष का समय है.

शुभांगी स्वरूप भारतीय नौसेना की पहली महिला पायलट

पहली बार एक महिला को भारतीय नौसेना में एक पायलट के रूप में शामिल किया गया है. शुभांगी स्वरूप, जो उत्तर प्रदेश से हैं, जल्द ही मेरीटाइम रिकानकायसन्स प्लेन उड़ाती हुई दिखाई देंगी.

सरकार 115 जिलों में प्रधान मंत्री महिला शक्ति केंद्र स्थापित करेगी

केंद्र ने ग्रामीण महिलाओं तक पहुंचने और कौशल विकास, रोजगार, डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य और पोषण को सुगम बनाने की नई योजना के माध्यम से देश के 115 सबसे पिछड़े जिलों में 'प्रधान मंत्री महिला शक्ति केंद्र' की स्थापना को मंजूरी दी है.

संसद का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से 5 जनवरी तक

संसद का शीतकालीन सत्र अगले महीने की 15 से 5 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा. संसदीय कार्य मंत्री अनंत कुमार ने गृह मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय कार्य मंत्रालय की कैबिनेट कमेटी की बैठक के बाद यह घोषणा की है.

प्याज का न्यूनतम निर्यात मूल्य 850 डालर प्रति टन तय

सरकार ने प्याज का न्यूनतम निर्यात मूल्य 850 डालर प्रति टन तय कर दिया है. सरकार के इस कदम से घरेलू बाजार में प्याज की आपूर्ति बढ़ाने और इसके बढ़ते दाम पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी.

श्रीलंका के प्रधान मंत्री विक्रमसिंघे भारत के दौरे पर

श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती देने के लक्ष्य के साथ भारत के चार दिवसीय दौरे पर हैं. अपनी यात्रा के दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से व्यापक मुद्दों पर बातचीत करेंगे. और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी भेंट करेंगे.

देश की ओर से पूर्व प्रधान मंत्री इन्द्रा गाँधी को उनकी 100वीं जन्मतिथि पर श्रधांजलि

एक आभारी राष्ट्र पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी को उनकी 100 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दे रहा है. शक्तिस्थल, नई दिल्ली में आयोजित गांधी की वर्षगांठ मनाने के लिए एक स्मारक कार्यक्रम आयोजित किया गया.

राज्य समाचार

आंध्र प्रदेश मंत्रिमंडल ने राज्य के ट्रांसजेंडरों के लिए पेंशन को मंजूरी दी

आंध्र प्रदेश के मंत्रिमंडल ने राज्य में 18 वर्ष से अधिक आयु के ट्रांसजेंडरों के लिए 1500 रुपये की पेंशन प्रदान करने की एक योजना को मंजूरी दे दी है.

केरल में मद्यपान की न्यूनतम आयु 21 से बढ़ाकर 23 की

लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) ने केरल सरकार की अगुवाई में पीने की वैधानिक आयु को 21 से 23 वर्ष तक बढ़ाने का फैसला किया है. एक बैठक में राज्य मंत्रिमंडल ने शराब के सेवन की न्यूनतम आयु 21 से 23 वर्ष तक बढ़ाकर नया अध्यादेश पेश करने का फैसला किया.

गोवा ने 56वें मुक्ति दिवस का जश्न मनाया

गोवा ने अपना 56वां मुक्ति दिवस मनाया है. यह राज्य 19 दिसंबर 1961 को लगभग 450 वर्षों के औपनिवेशिक शासन के बाद पुर्तगाली नियंत्रण से मुक्त हो गया था.

राजस्थान, भारत में हिंदी में ई-मेल आईडी प्रस्तुत करने वाला पहला राज्य

राज्य आईटी विभाग के प्रमुख सचिव अखिल अरोड़ा के अनुसार, राजस्थान अपने निवासियों के लिए हिंदी (देवनागरी लिपि में) में मुफ्त ईमेल एड्रेस लॉन्च करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है.

यूपी बना तीन तलाक बिल के ड्राफ्ट पर सहमति जताने वाला पहला राज्य

उत्तर प्रदेश ने तीन तलाक को लेकर केंद्र के प्रस्तावित विधेयक के ड्राफ्ट पर सहमति व्यक्त की. ऐसा करने वाला यह देश का पहला राज्य बन गया है.

मध्यप्रदेश विधानसभा ने दी कम उम्र की लड़कियों के बलात्कारियों को फांसी की मंजूरी

मध्यप्रदेश विधानसभा में 12 साल या उससे कम आयु की लड़कियों से बलात्कार या किसी भी आयु की महिला से गैंगरेप के दोषी को फांसी की सज़ा देने को मंजूरी दे दी है. इसी के साथ, मध्य प्रदेश ऐसे अपराधियों को फासी की सजा सुनाने वाला पहला राज्य बन गया है.

गुवाहाटी में शुरू हुआ छठा अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट

छठा अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट-2017 असम के गुवाहाटी में शुरू हो गया है. केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय पूर्वोत्तर राज्यों के साथ मिलकर 5 से 7 दिसंबर तक गुवाहाटी में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट (आईटीएम) का आयोजन करेगा.

केरल में शुरू हुआ भारत का सबसे बड़ा चलायमान सौर ऊर्जा संयंत्र

केरल में भारत का सबसे बड़ा चलायमान सौर ऊर्जा संयंत्र शुरू किया गया. केरल के वायनाड के बनसुरा सागर बांध स्थित इस सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन विद्युत मंत्री एम एम मणि द्वारा किया गया. 500 किलोवाट(KW) क्षमता वाला यह सौर ऊर्जा संयंत्र पानी की सतह पर तैरता है.

आंध्र प्रदेश में कपू आरक्षण विधेयक पारित

आंध्र प्रदेश विधानसभा ने राज्य में समुदाय को शिक्षा और रोजगार में 5 प्रतिशत कोटा प्रदान करने के लिए सर्वसम्मति से कपू आरक्षण विधेयक को पारित कर दिया है.

ओडिशा सरकार ने 19 ज़िलों में वर्षा से प्रभावित किसानों के लिये लगभग 365 करोड़ रुपये जारी किए

ओडिशा सरकार ने राज्य के 19 जिलों में वर्षा से प्रभावित किसानों के लिए करीब 365 करोड़ रुपये जारी किये हैं. राज्य आपदा राहत कोष से जारी यह राशि उन किसानों को कृषि लागत सब्सिडी के रूप में दी जाएगी, जिनकी फसल इस महीने के तीसरे सप्ताह (नवंबर) के दौरान बेमौसम बारिश से बर्बाद हो गई थी.

नागालैंड ने बनाया 54वां राज्य दिवस

नागालैंड ने किसामा के नागा हेरिटेज गाँव में 54वें राज्य दिवस और 18वें हॉर्नबिल महोत्सव 2017 का जश्न मनाया.

छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने छह शहरों में पटाखे फोड़ने पर रोक लगाई

छत्तीसगढ़ सरकार ने शादी के मौसम दिसम्बर और जनवरी माह में पटाखे जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है. पटाखे जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने के लिए पर्यावरण विभाग द्वारा रायपुर समेत प्रदेश के छह प्रमुख शहरों में यह प्रतिबंध लागू होगा.राज्य पर्यावरण संरक्षण बोर्ड द्वारा जारी किए गए बयान के अनुसार, प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए निर्णय लिया गया है, जो हवा की दिशा के कारण सर्दियों के दौरान बढ़ता है.

जनता के लिए खुली हैदराबाद मेट्रो रेल

हैदराबाद मेट्रो रेल जनता के लिए शुरु हो गई है, इस दौरान लोगों ने मेट्रो रेल को लेकर अपने सुविधाजनक और आरामदायक अनुभवों को साझा किया. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मियापुर स्टेशन की एलिवेटेड हैदराबाद मेट्रो रेल परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन किया.

दो दिवसीय कोरिया पर्यटन महोत्सव 2017(Korea Tourism Festival) की हरियाणा शुरुआत

कोरिया पर्यटन संगठन (KTO) के कार्यकारी उपाध्यक्ष मिन हांग मिन ने पर्यटन मंत्रालय के संयुक्त सचिव सुमन बिल्ला ने अम्बिंस मॉल,हरियाणा में कोरिया की समृद्ध कला, संस्कृति और विरासत के प्रदर्शन के साथ दो दिवसीय कोरिया महोत्सव का उद्घाटन किया.

पंजाब सरकार ने ट्रक ड्राइवरों की गुटबंदी पर प्रतिबंध को सूचित किया

राज्य में ट्रक ऑपरेटरों की गुटबंदी को ख़त्म करने के उद्देश्य से पंजाब गुड्ज कैरीजिज़ (रेगुलेशन एंड प्रीवेंशन ऑफ कार्टलायज़ेशन रूल्ज), 2017 को अधिसूचित कर दिया.

107 महाराष्ट्र सिंचाई परियोजनाओं के लिए केंद्र ने 10,000 करोड़ रु तय किए

केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के सूखे प्रभावित इलाकों की सिंचाई के लिए 10,000 करोड़ रूपये की मंजूरी दी. महाराष्ट्र के सूखा प्रभावित विदर्भ और मराठा क्षेत्रों में 107 सिंचाई परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार ने 10,000 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान करने का अनुमोदन दिया है.

To read more

Click here to buy the e-Copy of Competition Power February Edition (Hindi)